# NIKE, Inc. आचार संहिता

हालांकि Nike में हमारा मानना है कि कोई समाप्ति रेखा नहीं होती, पर एक स्पष्ट आरंभ रेखा ज़रूर होती है।

यह समझते हुए कि कॉन्ट्रैक्ट कारखानों के साथ हमारे काम में हमेशा कुछ नयापन होता है, यह आचार संहिता हमारी उन अपेक्षाओं को स्पष्ट करती है जो हम अपने कारखाने के सप्लायर्स से करते हैं और उन न्यूनतम मानकों को निर्धारित करती है, जिन्हें पूरा करने की अपेक्षा हम प्रत्येक कारखाने से रखते हैं।

हमारा इरादा इन मानकों को NIKE, Inc. की सोर्सिंग रणनीतियों संबंधी कार्यप्रणालियों, कारखाने के प्रदर्शन का मूल्यांकन करने के हमारे तरीकों और Nike किन कारखानों के साथ संलग्न रहेगा और व्यापार करना व बढ़ाना जारी रखेगा, इसे निर्धारित करने में उपयोग करना है।

चूंकि हम सोर्सिंग और विनिर्माण में अपना व्यवसाय मॉडल तैयार कर रहे हैं, इसलिए हमारा इरादा ऐसी फैक्टरियों के साथ काम करने का है जो यह समझती हैं कि इन न्यूनतम मानकों को पूरा करना एक महत्वपूर्ण आधाररेखा है जिससे विनिर्माण क्षेत्र में नेतृत्व, निरंतर सुधार और स्व-नियंत्रण का विकास होना चाहिए।

संहिता के अतिरिक्त, **हमारा कॉन्ट्रैक्ट फैक्टरियों के साथ एक प्रवृत्त, स्वस्थ, अधिक समर्थ और न्यायसंगत आपूर्ति श्रृंखला बनाने के लिए वचनबद्ध है**। और जिन देशों में हम काम करते हैं, वहां की श्रम और पर्यावरणीय परिस्थितियों में सर्वांगीण परिवर्तन को प्रभावित करने के लिए, हम नागरिक समाज, सरकारों और निजी क्षेत्र के साथ जुड़ कर काम करना जारी रखेंगे।

हम अपने कॉन्ट्रैक्ट कारखानों से अपेक्षा करते हैं कि गंदगी कम करने, संसाधनों का ज़िम्मेदारी से उपयोग करने, मजदूरों के अधिकारों का समर्थन करने और श्रमिकों तथा समुदायों के कल्याण को आगे बढ़ाने के प्रति Nike की प्रतिबद्धता में वे साझेदार बनेंगे। हमारा मानना है कि इसे पूरा करने के लिए पारदर्शिता, सहयोग और आपसी सम्मान के आधार पर की गई सहभागिता महत्वपूर्ण है।

हमारी आचार संहिता हमारे कॉन्ट्रैक्ट कारखानों को इन निम्नलिखित विशिष्ट न्यूनतम मानकों का पालन करने के लिए बाध्य करती है, जिनपर हमें विश्वास है कि वे हमारे लक्ष्यों को पूरा करने के लिए आवश्यक हैं।

## रोज़गार स्वैच्छिक है

कॉन्ट्रैक्टर बेगार जिसमें फ़ोर्स्ड लेबर, प्रिज़न लेबर, बंधुआ मज़दूरी या बेगार के किसी भी अन्य रूप का उपयोग नहीं करता। कॉन्ट्रैक्टर विदेशी कर्मियों के रोज़गार योग्यता शुल्क के लिए जिम्मेदार है जिसमें भर्ती शुल्क शामिल है।

## सभी कर्मचारियों की आय 16 वर्ष या अधिक है

कॉन्ट्रैक्टर के सभी कर्मचारी कम से कम 16 वर्ष की आयु के या अनिवार्य शिक्षा को पूरा करने की आयु या उस देश में काम करने की कानूनी आयु, इनमें से जो भी अधिक हो, के हैं। 18 वर्ष से कम आयु के कर्मचारियों को खतरनाक परिस्थितियों वाले कार्यों में नियोजित नहीं किया जाता है।

## कॉन्ट्रैक्टर भेदभाव नहीं करता है

कॉन्ट्रैक्टर अपने कर्मचारियों में रोजगार, जिसके अंतर्गत भर्ती, मुआवजा, पदोन्नति या अनुशासन शामिल हैं, की दृष्टि से लिंग, जाति, धर्म, आयु, विकलांगता, यौन रुझान, गर्भावस्था, वैवाहिक स्थिति, राष्ट्रीयता, राजनीतिक मत, ट्रेड यूनियन संबद्धता, सामाजिक या जातीय मूल अथवा देश के कानून द्वारा सुरक्षित किसी अन्य स्थिति के आधार पर कोई भेदभाव नहीं करता है।

## संघ और सामूहिक सौदेबाज़ी की स्वतंत्रता का सम्मान

विनिर्माण से जुड़े देश के कानून द्वारा अनुमत सीमा तक, कॉन्ट्रैक्टर संघ की स्वतंत्रता और सामूहिक सौदेबाज़ी संबंधी अपने कर्मचारियों के अधिकारों का सम्मान करता है। इसमें बिना किसी उत्पीड़न, हस्तक्षेप या प्रतिशोध के अपनी इच्छा से ट्रेड यूनियनों और अन्य कर्मचारी संगठनों को बनाने या उनमें शामिल होने का अधिकार भी शामिल है।

## क्षतिपूर्ति का समय से भुगतान किया जाता है

कॉन्ट्रैक्टर के कर्मचारियों को समय पर कम से कम देश के कानून द्वारा अपेक्षित न्यूनतम वेतन का भुगतान किया जाता है। साथ ही कानूनी तौर पर प्रदान किए गए अनिवार्य लाभ, जिनमें अवकाश व छुट्टियां तथा रोज़गार समाप्त होने पर सांविधिक विच्छेद लाभ शामिल हैं भी दिए जाते हैं। अनुशासनात्मक कार्यवाही के रूप में वेतन में कोई कटौती नहीं की जाती।

## उत्पीड़न और दुर्व्यवहार को सहन नहीं किया जाता

कॉन्ट्रैक्टर के कर्मचारियों के साथ सम्मान और गरिमापूर्ण व्यवहार किया जाता है। कर्मचारियों का शारीरिक, यौन, मनोवैज्ञानिक या मौखिक रूप से उत्पीड़न अथवा उनके साथ दुर्व्यवहार नहीं किया जाता है।

## काम के घंटे ज़रूरत से ज़्यादा नहीं हैं

कॉन्ट्रैक्टर के कर्मचारियों को प्रति सप्ताह 60 घंटे, या विनिर्माण से जुड़े देश के कानून द्वारा स्वीकृत काम के नियमित और अतिरिक्त घंटे, जो भी कम हो, से अधिक काम नहीं करना होता है। काम के अतिरिक्त घंटे पारस्परिक सहमति के आधार पर तय किए जाते हैं और उनका प्रीमियम दर पर मुआवजा दिया जाता है। कर्मचारियों को हर सात दिन की अवधि में कम से कम 24 घंटे के लगातार आराम की अनुमति है।

## नियमित रोज़गार दिया जाता है

काम देश के रोज़गार कानूनों और व्यवहार द्वारा स्थापित मान्यता प्राप्त संबंधों के आधार पर किया जाता है। कॉन्ट्रैक्टर Nike ब्रांड या संबद्ध उत्पाद के उत्पादन के लिए घर से काम करने की किसी व्यवस्था का उपयोग नहीं करता है।

## कार्यस्थल स्वस्थ और सुरक्षित है

कॉन्ट्रैक्टर एक सुरक्षित, स्वच्छ और स्वस्थ कार्यस्थल उपलब्ध कराता है साथ ही वह काम के कारण, काम से संबंधित या काम के दौरान अथवा उसकी सुविधाओं के परिचालन के फलस्वरूप होने वाली दुर्घटनाओं या लगने वाली चोटों को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाता है। कॉन्ट्रैक्टर के पास सभी कर्मचारियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए संभावित खतरों का पता लगाने, उनसे बचने और उनसे निपटने की व्यवस्था है।

## पर्यावरण पर न्यूनतम प्रभाव किए जाते हैं

कॉन्ट्रैक्टर वायु उत्सर्जन, ठोस/खतरनाक अपशिष्ट और जल निकासी सहित लागू होने वाली सभी नियामक आवश्यकताएं पूरी करके मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण की सुरक्षा करता है। पर्यावरण पर परिचालन के नकारात्मक प्रभावों को कम करने के लिए कॉन्ट्रैक्टर आवश्यक उपाय अपनाता है और निरंतर पर्यावरण सुरक्षा संबंधी उपायों में सुधार करने का प्रयास करता है।

## संहिता को पूरी तरह लागू किया जाता है

Nike के साथ व्यापार करने की शर्त के रूप में, कॉन्ट्रैक्टर इस संहिता के साथ ही कोड लीडरशिप स्टैंडर्ड और लागू कानूनों को अपने व्यापार व्यवहार में कार्यान्वित और एकीकृत करेगा तथा सत्यापन और निगरानी के लिए जमा करेगा। कॉन्ट्रैक्टर इस संहिता को, अपने कर्मचारियों की भाषा में, सभी मुख्य कार्यस्थलों पर प्रदर्शित करेगा, कर्मचारियों को इस संहिता में परिभाषित किए गए और देश के लागू कानूनों के अनुसार बताए गए उनके अधिकारों और उत्तरदायित्वों के लिए प्रशिक्षित करेगा और सुनिश्चित करेगा कि Nike ब्रांड या संबद्ध उत्पादों का उत्पादन करने वाले किसी भी उप-कॉन्ट्रैक्टर इनका पालन करे।